हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

11 एमडीयू कैंपस होगा और खूबसूरतः विकास ...



12 आरोपियों ने स्नैचिंग की 7 वारदातों का किया खुलासा



## खबर संक्षेप

### आज बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनेंगे

**रोहतक।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से स्थानीय राजीव गाँधी विद्युत भवन स्थित सभागार में 22 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक कारपोरेट फोरम की बैठक होगी। इस बैठक में बिजली संबंधी ऐसी समस्याएं सुनी जाएगी।

### तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**सांपला।** गांधरा गांव में तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार में मातम छा गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। अनिल का लड़का 16 वर्षीय अक्षय कुमार दोपहर बाद तालाब पर पशुओं को लेकर गया हुआ था। बारिश में तालाब ओवरफ्लो हैं। अक्षय कुमार पशुओं को निकालने के लिए तालाब में घुस गया। पानी अधिक होने की वजह से अक्षय डूब गया। लोगों ने उसे डूबते देख आवाज भी लगाईं और अंदर घुसे और उसे बाहर निकाला गया। परिवार के लोग उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे ,लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए 25 तक आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम में सत्र 2025-26 में चार वर्षीय स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों, पांच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों, स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों, पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए पोर्टल ओपन हो गया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी एडमिशन के लिए 25 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पार्शवनाथ सिटी आईएमटी के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अभिषेक निवासी बालक राम मौहल्ला जिला बिजनौर उतरप्रदेश के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

# महम के गांव में 15 वर्षीय नाबालिग की शादी रुकवाई

- जब परिजनों को शादी स्थगित करने को कहा तो वे मान गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर द्वारा महम तहसील के एक गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी को स्थगित करवा दिया। करमिन्दर कौर को 20 अगस्त को शाम को सूचना मिली की महम तहसील गांव के एक गांव में एक नाबालिग की शादी की जा रही है। बारात भी आने वाली है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी अपनी टीम एवं महम थाना से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। बच्चों के लिए काम कर रही संस्था एमडीडी ऑफ इण्डिया की टीम भी मौके पर पहुंच गई।



**रोहतक।** पुलिस टीम के साथ महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर परिजनों से बात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मौके पर जाकर जांच की तो पाया कि सूचना बिल्कुल सही है। लड़की नाबालिग है। लड़की की स्कूली पढ़ाई भी पूरी नहीं हुई है। 9वीं कक्षा तक पढ़ी है और अभी 15 साल की है। शादी का छोटा सा आयोजन कर रखा था। जांच में पता चला कि लड़की के पिता बीमार रहते हैं। बीमारी के कारण ही अपनी लड़की की शादी की तैयारी कर रहे थे। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर, पुलिस एवं एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था की टीम ने भी लड़की के परिजनों को समझाया। जब परिजनों को नाबालिग की शादी स्थगित करने को कहा तो वे मान गए। साथ ही करमिन्दर कौर द्वारा बारात को भी रुकवा दिया।

### शादी स्थगित करने संबंध में दिया शपथपत्र

परिजनों को जब बाल विवाह कानून के बारे में समझाया गया तो बच्ची के पिता, चाचा-ताऊ व अन्य रिश्तेदारों ने मौजिज लोगों की मौजूदगी में लिखित में दिया कि हम इस शादी कार्यक्रम को रदद कर रहें हैं। इस सम्बंध में उन्होंने एक शपथ पत्र भी दिया कि बच्ची जब 18 साल की हो जाएगी तब इसकी शादी करेंगे। इसके इसके बाद बच्ची को बाल कल्याण समिति में बच्ची की काउंसलिग करवाई गई।

### नागरिकों से अपील

संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर ने शादी करवाने वाली संस्थाओं एवं सभी नागरिकों से अपील कि है कि वे अपने नाबालिग बच्चों का विवाह ना करें क्योंकि बाल विवाह से जहां नाबालिग बच्चों पर के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है वहीं कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने आम जन से आहवान किया कि यदि उनके संज्ञान में बाल-विवाह का कोई मामला आता है तो तुरन्त महिला थाना या 112, 181 पर सूचित करें ताकि समय पर हस्तक्षेप करके नाबलिग के विवाह को रूकवाया जा सके। बाल विवाह करने वालों को 2 साल की सजा का प्रावधान है। लड़कियों के माता-पिता को चाहिए कि वे अपनी लड़कियों को शादी बालिग होने पर ही करें।

### शादी करते समय परिजन तरह-तरह के बनाते हैं बहाने

नाबालिग की शादी की करते समय परिजन तरह-तरह के बहाने बनाते हैं। किसी परिजन की बीमारी का हवाला देकर नाबालिग की शादी को जायज ठहराने का प्रयास करते हैं। कई मामलों में नाबालिग बच्चे के उम्र सम्बंधी किसी भी प्रकार के दस्तावेज न होने का बहाना भी करते हैं। हमारा प्रयास रहता है कि उन्हें समझाया जाए और शादी को रूकवाया जाए। थोड़ी-बहुत बहसबाजी के बाद और कानून के डर से परिवार शादी स्थगित करने के लिए तैयार हो जाता हैं। हम इस बात का ध्यान रखते हैं कि नाबालिग की शादी न हो पाए।

**-करमिन्दर कौर**, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी

### मदवि में विभिन्न परीक्षा परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई-जुलाई 2025 में आयोजित एम.फार्मेसी-ड्रग रेगुलेटरी एफेयर्स, इंडस्ट्रियल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोग्नोसी तथा फार्माकोलॉजी के चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, बीएड दो वर्षीय के दूसरे सेमेस्टर/वर्ष की फ्रेश व री-अपीयर, पीएचडी कोर्स वर्क- इतिहास, राजनीति विज्ञान, संस्कृत, रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, प्रबंधन, शारीरिक शिक्षा, लोक प्रशासन, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा, कंप्यूटर साइंस, मनोविज्ञान, हिन्दी, बायोकेमिस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, बॉटनी, केमिस्ट्री, एजुकेशन, पर्यावरण विज्ञान, फॉरेंसिक साइंस, गणित, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, जेनेटिक्स, जूलॉजी, लॉ व फूड टेक्नोलोजी के प्रथम सेमेस्टर फुल, पीएचडी कोर्स वर्क-कामर्स व होटल एंड टूरिज्म की फ्रेश व री-अपीयर, दर्शनाचार्य प्रथम वर्ष, व्याकरणाचार्य प्रथम व दूसरे वर्ष, वेदाचार्य प्रथम व दूसरे वर्ष, एम.टेक के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमटेक सीबीसीएस के दूसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

## दुकानदारों को झेलनी पड़ेगी असुविधा, लेकिन मिलेगा स्थायी समाधान

# किला रोड मार्केट से भगत सिंह पार्किंग मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू, पुरानी सड़क उखाड़ी

- निर्माण पूरा करने पर लगभग एक करोड़ 17 लाख रुपये की लागत आएगी
- इसे मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए मोटी ईंटों से तैयार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

शहर की प्रमुख व व्यस्ततम मार्केट किला रोड से भगत सिंह पार्किंग की तरफ जाने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी। बरसात के दिनों में पानी भरने और सीवर ओवरफ्लो की समस्या के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। अब नगर निगम ने इस मार्ग का पुनर्निर्माण कराने का निर्णय लिया है। निर्माण कार्य शुरू भी हो चुका है और इसे पूरा करने पर लगभग एक करोड़ 17 लाख रुपये की लागत आएगी। इस सड़क को पारंपरिक तरीके से न तो सीसी रोड (कंक्रीट) और न ही केवल तारकोल से बनाया जाएगा। इसके बजाय इसे मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए मोटी ईंटों से तैयार किया जाएगा।

ईंटों का उपयोग इसलिए किया जा रहा है ताकि यह सड़क ज्यादा दिनों तक टिक सके और भारी ट्रैफिक का भी दबाव झेल सके। साथ ही सड़क का लेवल इस तरह से बनाया जाएगा कि बारिश के दौरान पानी जमा न हो और पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके।

**पत्थर की गिट्टी डालने का कार्य शुरू**





### बारिश और सीवर ओवरफ्लो की समस्या से मिलेगी राहत

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कई वर्षों से यह सड़क बरसात में दलदल में बदल जाती थी। ग्राहकों का आना-जाना मुश्किल हो जाता था और बिक्री प्रभावित होती थी। साथ ही, सीवर ओवरफ्लो होने पर गंदा पानी बाजार में फैल जाता था जिससे बदबू और अस्वच्छता की स्थिति पैदा हो जाती थी। अब नए निर्माण के बाद इन समस्याओं से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

### होगी असुविधा

हालांकि जब तक निर्माण कार्य जारी रहेगा, दुकानदारों और ग्राहकों दोनों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। निर्माण स्थल पर आवाजाही सीमित हो जाएगी और ग्राहकों की संख्या में कमी आएगी। दुकानदार मानते हैं कि इस दौरान उनकी आय पर असर पड़ेगा, लेकिन वे यह भी मानते हैं कि लंबे समय के लिए यह असुविधा सहन करना जरूरी है। बरसात में सड़क की दुर्दशा इतनी बढ़ जाती थी कि लोग इस ओर आने से कतराते थे।

### 20 दिन में काम पूरा करने का लक्ष्य

निर्माण एजेंसी ने दावा किया है कि अगर मौसम साफ रहा और बारिश नहीं हुई तो यह काम 20 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। अगर बारिश आई तो समय बढ़कर करीब एक माह तक जा सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि अगले कई साल तक कोई समस्या न हो।

### ग्राहकों को भी मिलेगी सुविधा

ग्राहक अक्सर इस बाजार में खरीदारी करने आते हैं, लेकिन खराब सड़क और गंदे पानी के कारण उन्हें भारी दिक्कत होती है। कई बार गाड़ियां खराब हो जाती हैं और पैदल आने वालों को भी असुविधा होती है। नई सड़क बनने के बाद ग्राहकों को आसानी होगी और वे निश्चिंत होकर बाजार का रुख कर सकेंगे। इससे व्यापार पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।

### बारिश में हो जाती थी दिक्कत

यहां पर सड़क का निर्माण जरूरी हो गया था। क्योंकि बारिश के दिनों में हजारों ग्राहकों और दुकानदारों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। दुकानदारों की भी मांग थी की इस सड़क का जल्द से जल्द निर्माण हो। ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। बार-बार पानी जमा न हो।

**-कपिल नागपाल**, पार्षद, वार्ड-7

### अन्य सुधारों की भीजरूरत

दुकानदारों ने यह भी मांग की है कि सड़क निर्माण के साथ-साथ सीवर और जल निकासी प्रणाली को भी बेहतर बनाया जाए। उनका कहना है कि सिर्फ सड़क मजबूत बना देने से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। जब तक सीवर का रखरखाव नियमित रूप से नहीं होगा, तब तक पानी भरने की दिक्कत आती रहेगी।

### नगर निगम की पहल की सराहना

स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने नगर निगम के इस निर्णय का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह काम काफी पहले होना चाहिए था, लेकिन देर से ही सही, अब सही दिशा में कदम उठाया गया है। अगर सड़क समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से तैयार हो गई तो यह पूरी मार्केट के लिए वरदान साबित होगी।



**रोहतक।** कार्यक्रम में दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल व निदेशक डॉ. एसके सिंघल। फोटो : हरिभूमि

## पीजीआईएमएस में सर्पदंश से बचाव विषय पर वर्कशाप

# सांप के कांटने के डर से नहीं झांड फूंक के चक्कर में बिना इलाज के मरता है मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

सांप के काटने पर इंसान डर से नहीं मरता, बल्कि वह जब झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ जाता है और सही समय पर अच्छे अस्पताल में पहुंचकर इलाज नहीं करवाता तो सर्पदंश में इंसान की मौत होती है। ऐसे में हम सभी को ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता फैलानी होगी कि सांप के कांटने पर झांड फूंक के चक्कर में ना पड़े और मरीज को तुरंत किसी अच्छे अस्पताल में लेकर जाएं। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल का। वें गुरुवार को कम्युनिटी मेडिसिन और फाउंडेशन फॉर पीपल-सेंट्रिक हेल्थ सिस्टम नई दिल्ली द्वारा सामूहिक रूप से रोहतक में सर्पदंश से बचाव विषय पर आयोजित वर्कशाप में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि कुत्ते के काटने की अपेक्षा सर्पदंश के बारे में लोगों में बहुत कम जागरूकता है, ऐसे में डॉ. रमेश वर्मा द्वारा आयोजित करवाई गई वर्कशाप बहुत उपयोगी साबित होगी और चिकित्सकों का भी ज्ञानवर्धन होगा।

### भारत में सर्पदंश से हर साल 58 हजार मौतें

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि कुलपति डॉ. अग्रवाल हमेशा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में साल में एक मिलियन सर्पदंश के केस होते हैं तो 58 हजार की मृत्यु होती है, जिसमें लोग झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ते हैं। डॉ. सिंघल ने कहा कि डब्लूएचओ की मुहिम है कि 2030 तक इसे आधा किया जाए।

### 80 प्रतिशत सांप बिना जहरीले

एफपीएचएस नई दिल्ली से आए डॉ. चंद्रकांत लहरिया ने बताया कि सांप के काटने का ज्यादा डाटा क्यों नहीं आ पाता क्योंकि लोग झाड फूंक के चक्कर में पड़ जाते हैं। 80 प्रतिशत केस में सांप बिना जहर वाले होते हैं।

## किसानों ने रबी सीजन में 3,30,000 एकड़ में से 5377 का इंश्योरेंस, साल दर साल योजना का ग्राफ हो रहा नीचे

# फसल इंश्यारेंस योजना की ये है हकीकत, रबी में जिला के कुल रकबे का 1.6 प्रतिशत था बीमित

अमरजीत एस गिल ▶▶। रोहतक

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर कुछ भी दावे किए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत स्कीम को लेकर कतई भी सही नहीं है। अब संशोधित फसल बीमा योजना को लागू हुए दस-ग्यारह साल हो गए हैं। लेकिन आपको जानकार ये हैरत होगी कि योजना में किसानों की रुचि बिल्कुल भी नहीं है। यूं भी कहा जा सकता है कि किसानों का रुझान साल दर साल कम हो रहा है। रबी 2019-20 में जिले में जहां 21325 एकड़ बीमा के दायरे में थी, वहीं रबी 2024-25 में ही ये एरिया कम होकर मात्र 5377 एकड़ रह गया। जो कुल खेती योग्य जमीन का मात्र 1.6 प्रतिशत ही बनता है। ऐसे में ये कहने में बिल्कुल भी संकोच नहीं है कि स्कीम की सफलता कुछ भी नहीं है। ध्यान रहे कि जिला का कुल रकबा 412436 एकड़ है। इसका 80 प्रतिशत खेती के दायरे में आता है। यानी के 3,30,000 एकड़ में खेती होती है। इस 3,30,000 में से ही गत रबी सीजन में केवल 5377 एकड़ का किसानों ने फसल बीमा करवाया था।



### 3 लाख एकड़ में हुई थी बिजाई

गेहूं, चना, जौ और सरसों का जिले में बीमा का प्रावधान केंद्र सरकार ने किया हुआ है। मुख्य फसल गेहूं और सरसों ही है। बीते रबी सीजन में तकरीबन 2 लाख 75 एकड़ में गेहूं और 37 हजार में सरसों की बिजाई हुई थी। यानी के 3 लाख 12 हजार एकड़ का किसान बीमा करा सकते थे। लेकिन किसानों ने 5377 एकड़ का ही कराया। जबकि इन दोनों फसलों की बिजाई के समय प्रशासन ने बीमा योजना को लेकर खूब प्रचार किया। बावजूद इसके किसान अपनी दोनों मुख्य फसलों का बीमा करवाने के लिए आगे नहीं आए। ध्यान ये भी रहे कि कुल प्रीमियम का डेढ़ से दो प्रतिशत किसान को देना होता है। बाकि सरकार वहन करती है। गौरतलब है कि किसानों को उनकी खेती के जोखिम से बचाने के लिए रक्षा कवच के रूप में सरकार ने जोर-शोर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की थी। इसमें किसानों को न्यूनतम प्रीमियम भुगतान के साथ कई और रियायतें दी गई।

### ये है मकड़जाल

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कई खामियां हैं। प्रभावित किसानों को बीमा कंपनियां समय से फसलों के नुकसान की भरपाई नहीं करती। फसल में नुकसान ज्यादा होता है और बीमा कंपनी भरपाई कम करती हैं। इतना ही नहीं किसान के साथ फर्जीवाड़ा तक किया जाता है। नूमने के तौर पर गांव भाली आनंदपुर के किसान वजीर सिंह के साथ हुई धोखाधड़ी को देखा जा सकता है। इन्होंने खरीफ 2021 सीजन में बाजरा फसल का बीमा करवाया। किसानों को मौके पर नुकसान ज्यादा बताया और जब बीमा कंपनी नुकसान की भरपाई की तो उस समय नुकसान कुछ और ही दर्ज कर दिया गया। इस प्रकार साल 2022 में भैयापुर गांव के जोरादास और समरगोपालपुर के जोगिंद्र सिंह की बीमित फसल बेमौसमी बरसात से तबाह हो गई। लेकिन किसानों को एक साल बाद ही बीमा कंपनी ने नुकसान की भरपाई की थी। इन तीन किसानों के अलावा सैकड़ों किसान ऐसे होते हैं, जिन्हें समय से और पूरा क्लेम नहीं मिलता है।

### कंपनियां हुई मालामाल



बीमा कंपनी किसानों को नुकसान की भरपाई करने में मनमानी करती हैं। कंपनी को गेहूं का प्रति एकड़ क्लेम 28 हजार रुपये देना होता है। लेकिन दिया जा रहा है 6 से 7 हजार रुपये। सरकार भी 100 प्रतिशत नुकसान होने पर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देती है। लेकिन बीमा कंपनी छह से सात हजार रुपये ज्यादा देती नहीं है। योजना का लाभ किसानों की बजाय बीमा कंपनियों को मिल रहा है। क्या बीमा कंपनियों के लाभ के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई।

**-सुमित दलाल, महा सचिव किसान सभा हरियाणा**

## डीएलसी सुपवा में फिल्म कार्यशाला का तीसरा दिन

# संपादन, निर्देशन और फिल्म विमर्श के सत्रों ने प्रतिभागियों को दी नई दृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) में सिने फाउंडेशन हरियाणा के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय फिल्म कार्यशाला (19 से 23 अगस्त) अपने तीसरे दिन गहन और रचनात्मक सत्रों से आगे बढ़ी। इस कार्यशाला में फिल्म संपादन, निर्देशन और फिल्म विमर्श जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया, जिसने उन्हें सिनेमा की कला और समाज पर उसके प्रभाव की गहरी समझ प्रदान की। सुबह के सत्र की शुरुआत फिल्म संपादन विभाग के अध्यक्ष इंद्रनील ने की। उन्होंने संपादन को सिनेमा की अदृश्य कला बताते हुए कहा कि यह केवल दृश्य जोड़ने की तकनीक नहीं बल्कि कहानी को लय और भावनात्मक प्रवाह देने की प्रक्रिया है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि किस तरह संपादन फिल्म की गति और दर्शकों की संवेदना को नियंत्रित करता है। इस दौरान छात्रों ने लुमियर बंधुओं (ऑगस्टे और लुई) द्वारा 1896 में बनाई गई शुरुआती लघु फिल्मों का अध्ययन किया। रोज़मर्रा के जीवन पर आधारित इन फिल्मों जैसे फैक्ट्री से निकलते मज़दूर, ट्रेन का स्टेशन पर पहुंचना और बच्चों का खेलने के विश्लेषण से प्रतिभागियों ने समझा कि किस तरह शुरुआती प्रयोगों से संपादन आधुनिक फिल्म निर्माण की परिष्कृत तकनीक में बदल गया। *(संबंधित पेज 12 भी देखें)*



### लघु फिल्मों के निर्माण में प्रयोग करेंगे

कार्यशाला का उद्देश्य चयनित 30 प्रतिभागियों को पटकथा लेखन, अभिनय, छायांकन, निर्देशन, संपादन और ध्वनि डिजाइन जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। उद्योग जगत के दिग्गज और अकादमिक विशेषज्ञ मिलकर इस पहल को दिशा दे रहे हैं, जिससे नए प्रतिभागियों को फिल्म निर्माण की बारीकियों का अनुभव हो सके। इसमें उन्होंने सिनेमा के ऐतिहासिक विकास, तकनीकी पक्ष और सांस्कृतिक प्रभाव को एक साथ समझा। आने वाले दो दिनों में प्रतिभागी इन विचारों और अभ्यासों को अपनी लघु फिल्मों के निर्माण में प्रयोग करेंगे।



कहानी

अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा, 'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक

आलोक कुमार दुबे








उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी



एआई इमेज

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अकसर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी




बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *

**किताब :** मारी का सफर, **लेखिका :** लावण्या कार्तिक, **अनुवाद :** सीमा, **मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत

रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर



छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।



**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से



खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो



जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *



### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा

**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया, 'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'



एआई इमेज

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## जीके क्विज-167



1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद


## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



रितेश, मटियारी



भव्या, बिलासपुर



प्रगति, बिलासपुर



गोपिका, ईमेल से



शुभम, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे **प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री घोषणाओं को समय पर करवाएं पूर्ण

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री घोषणा पोर्टल को अपडेट करवाए तथा निर्धारित समय पर मुख्यमंत्री घोषणाओं को पूर्ण करवाएं। उन्होंने लंबित घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इन घोषणाओं पर शीघ्र कार्य शुरू करवाने तथा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सचिन गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि अधिकारी समीक्षा बैठक के दौरान अंतरविभागीय मुद्दों तथा मुख्यालय पर लंबित मुद्दों के बारे में भी जानकारी दें। डीसी ने कहा कि जारी विकास परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण करवाया जाए तथा पोर्टल को अपडेट किया जाए।

### एमडीयू में हॉस्टल आवेदन प्रक्रिया शुरू

रोहतक। लंबे संघर्ष और छात्रों की लगातार आवाज़ उठाने के बाद आखिरकार एमडीयू प्रशासन ने विद्यार्थियों की बात मान ली। हॉस्टल पोर्टल खोलने की विद्यार्थियों की मांग पर एमडीयू ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए हॉस्टल एडमिशन पोर्टल 20 अगस्त से 22 अगस्त तक खुला रहेगा। यह फैसला तब आया जब छात्र संगठन ए.एस.ए.पी ( एशियासेशन ऑफ स्टूडेंट फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स) के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़, छात्र नेता जोगिंदर (जोगा) और प्रदेश उपाध्यक्ष रॉबिन मलिक के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने 19 अगस्त को चीफ वार्डन को ज्ञापन सौंपकर मांग रखी थी कि हाल ही में हुई ओपन काउंसलिंग से दाखिला लेने वाले और पहले के बचे हुए छात्रों को हॉस्टल सुविधा दी जाए।

### महाराष्ट्र के किसान करेंगे हरियाणा का दौरा

रोहतक। महाराष्ट्र के यवतमाल के किसान सुभाष शर्मा 24 अगस्त को रोहतक में हरियाणा के जैविक किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए मार्गदर्शन करेंगे। इससे पहले 23 को यहां कि विशिष्ट परिस्थितियों को समझने के लिए रेवाड़ी, झज्जर और रोहतक के जैविक खेतों का भ्रमण करेंगे। क़ुदरती खेती अभियान द्वारा आयोजित हरियाणा के जैविक किसानों का वार्षिक सम्मलेन इतवार को सुबह 10.30 बजे रोहतक के स्वामी नितानंद स्कूल में शुरू होगा। जैविक किसान अपने नए सफल प्रयोगों और बची हुई समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

## एमडीयू कैंपस होगा और खूबसूरत: कार्ययोजना बनाने पर मंथन शुरू

# विकास व सौंदर्यीकरण पर कुलपति ने बैठक में प्रबंध कमेटी को दिए निर्देश

**कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में विशेष बैठक, ड्रेनेज सिस्टम, ई-व्हीकल्स, फायर सेफ्टी और सूचना व्यवस्था पर जोर**



रोहतक। प्रबंध कमेटी के साथ बैठक करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कैंपस का स्वरूप अब और आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक होगा। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में कैंपस विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बैठक में कहा कि एमडीयू सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि यह हजारों विद्यार्थियों का घर भी है। ऐसे में यहां का माहौल प्रेरणादायी और सुरक्षित होना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कैंपस विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। विद्यार्थियों को समय पर सूचना देने के लिए कैंपस में जगह-जगह डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। इससे घोषणाएं और महत्वपूर्ण नोटिस छात्रों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। एमडीयू लाइब्रेरी, स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर, मातू राम यज्ञशाला, बॉयज व गर्ल्स हास्टल के मुख्य द्वार समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। इस बैठक में कुलसचिव डा. कृष्णकांत, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार, निदेशक हॉर्टिकल्चर प्रो. दीपक कौशिक, निदेशक कैंपस फारेस्ट्री एंड प्लांटेशन प्रो. सुरेन्द्र यादव, एक्सईएन जेएस दहिया, निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी, एसडीओ राजेश गुलिया, सहायक कुलसचिव जनरल ब्रांच श्याम सुंदर, चीफ कंसल्टेंट फैकल्टी हाउस दिलावर सिंह, हॉर्टिकल्चर कंसल्टेंट निरंजन कुमार निन्नी आदि रहे मौजूद

### जलभराव से मिलेगी मुक्ति

बैठक में सबसे पहले ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने पर बल दिया गया। कुलपति ने कहा कि बरसात का पानी कहीं भी खड़ा ना हो, इस पर विशेष फोकस किया जाएगा। इस समस्या से स्थायी समाधान के लिए आधुनिक ड्रेनेज व्यवस्था तैयार करने के निर्देश कुलपति ने दिए।

### पर्यावरण हितैषी कदम-ई-व्हीकल्स को बढ़ावा

कुलपति ने ई-व्हीकल्स के प्रयोग को बढ़ावा देने का निर्णय भी लिया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण मुक्त परिवहन आज की आवश्यकता है। इसके लिए कैंपस में ई-कार्ट जैसी सेवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### लिफ्ट सुविधा तथा फायर सेफ्टी पर फोकस

एमडीयू के भवनों में लिफ्ट सुविधा के कार्य में तेजी लाने व फायर सेफ्टी को प्राथमिकता देने की बात कुलपति ने कही। उन्होंने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### सौंदर्यीकरण से बदलेगी छवि

बैठक में यह भी तय हुआ कि कैंपस की सुंदरता बढ़ाने के लिए ग्रीन एरिया का समुचित रख-रखाव, पेड़ों की सजावटी कतारें, भवनों और सडक़ों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि जब कैंपस आकर्षक और स्वच्छ होगा तो विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक सकारात्मक माहौल मिलेगा।

### एमडीयू की फिजां महकेगी

कुलपति ने विश्वास जताया कि विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों से विश्वविद्यालय की छवि और निखरेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर कैंपस विद्यार्थियों को सकारात्मक माहौल देगा और एमडीयू पूरे प्रदेश में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित होगा।

### चरणबद्ध तरीके से पूरे होंगे सभी कार्य

कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने भी बैठक में अहम बातें रखी। उन्होंने कहा कि सभी कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे ताकि विद्यार्थी, शिक्षकों और कर्मियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और प्रेरणादायी वातावरण मिले।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में हुई आशु भाषण प्रतियोगिता

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों के आत्मविश्वास व वाक पटुता की योग्यता को परखा जाता है तथा उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जाता है। वाणी पर प्रभुत्व हो तो जीवन में मनुष्य कठिन से कठिन परिस्थितियों को अपने अनुकूल करने में सक्षम होता है । इसी कथन को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में इस प्रकार के अवसर विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रदान किए जाते हैं । सभी प्रतिभागियों ने उत्तम कोटि की भाषा व दृढ़ आत्मविश्वास का परिचय देते हुए इस प्रतियोगिता में भाग लिया । प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने सभी प्रतिभागियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते हुए आशीर्वाद दिया ।



### कृष्ण छठी पर भजन संध्या का आयोजन

रोहतक। गोहाना अड्डा स्थित माता मंदिर चौक कान्हा किशोरी सेवा मंडल द्वारा कृष्ण छठी के पावन अवसर पर कीर्तन, पूजन और भजन संध्या का आयोजन हुआ । सनातन परंपरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के छठवें दिन कान्हा की छठी पूजन पर कृष्ण भक्तों ने कान्हा को भोज्य पदार्थ जैसे कढ़ी, चावल, पंचामृत, फूल, माखन, मिश्री, तुलसी पत्र से भोग लगाया । भजन संध्या में महंत टीटू शर्मा, अनिष्का शर्मा, भारत सहगल, राजेंद्र कक्कड़ व हरीश तागरा ने अपनी सुरीली मधुर वाणी से भजन राधे राधे तुम्हारे बिन कृष्ण आधे, हो राधा हो राधा गाकर सबको भक्ति के रस में डुबोए रखा। इस अवसर पर गौरव दुआ, अशोक बत्तरा, दिश, राजेश, निखिल, सन्नी, सुनील आदि भक्तों ने सेवा में सहयोग दिया ।

## समाधान शिविर लगा सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



गुरुवार को प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर लगाया गया। समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 से 12 बजे तक किया गया। जिसमें कस्बे के अलावा चुंलियाणा व दतोड़ से भी लोग शिकायत लेकर पहुंचे। एसडीएम उत्सव आनंद ने समाधान शिविर में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में आने वाली समस्याओं को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और हर शिकायत पर तत्परता से कार्य करें। गुरुवार को समाधान शिविर में कुल 8 समस्याएं दर्ज की गई। सभी समस्याओं को संबंधित विभागों को सौंप दिया गया है।

### इन लोगों ने रखी समस्याएं

कस्बा निवासी सुंदर ओहलायन गंदे पानी,व शिवर व सफाई न होने की शिकायत रखी। वार्ड 2 से विजय कुमार ने गली में गंदे पानी और नगरपालिका द्वारा सफाई की और ध्यान न देने की बात कही । चुलियाणा निवासी सुमित ने खेतों में भरें बारिश पानी निकासी की मांग की । इसके अलावा अभिनन्दन, मुकेश, ताराचंद, राजेश, हरिओम ने भी अपनी शिकायत दी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे इन समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं को निः संकोच दर्ज करवाएं। शिविर में नगरपालिका सचिव नरेंद्र कुमार बीजेपी मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, पब्लिक हेल्थ अधिकारी मौजूद थे।

## एंटरप्रेन्योरशिप के विषय पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वैश्य तकनीकी संस्थान में टी.पो.ओ. सैल के तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप के विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के सभी विभागों के फाइनल सेमेस्टर के छात्रों ने भाग लिया। टी.पो.ओ. इंचार्ज श्री राजन सरीन तथा प्रिंसिपल श्री संजीव गुप्ता ने संस्थान में पधारे अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सुधीर ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली से पधारे मनोज गुप्ता (सी.ई.ओ.) तथा ईलाया राजा मोहन जी (सेल्स एंड इंजीनियर कंट्री हैड) रहे। जिन्होंने, छात्रों को कम पूंजी से कैसे नये स्टार्टअप की शुरुआत करें, इसकी जानकारी दी। मनोज गुप्ता जी ने, वर्तमान समय में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इस विषय में छात्रों को बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल संजीव गुप्ता तथा टी.पी.ओ.इंचार्ज राजन सरीन तथा ऑफिस मैनेजमेंट एंड कंप्यूटर इंचार्ज डॉ. पवन गर्ग, ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान से मैकेनिकल डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष सुनील गुप्ता, मीडिया प्रभारी मैडम कंचन बाला के साथ विकास जैन, अमित शर्मा, तनु तथा प्रीति सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## विद्यालय प्रबंध समिति बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्रबन्ध-समिति का औपचारिक अधिवेशन उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सचिन गुप्ता ने सर्वानुमति से प्रस्तुत अनुशंसाओं को अनुमोदित करते हुए उनके तत्काल क्रियान्वयन एवं प्रभावी प्रवर्तन का आश्वासन प्रदान किया। उन्होंने अधिवेशनोत्तर विद्यालय-परिसर का अवलोकन किया, स्वच्छ-सुशोभित परिवेश की प्रशंसा की तथा अध्यापक-समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें कर्तव्यपरायणता, शैक्षणिक नवाचार एवं मूल्यनिष्ठ अनुशासन के प्रति प्रेरित किया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने पूर्ववर्ती बैठक का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर नवीन कार्यसूची-बिन्दुओं का प्रतिपादन किया। अधिवेशन में अनेक विशिष्ट शिक्षाविद् एवं प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से सुरेन्द्र, उप मुख्य चिकित्साधिकारी सत्यवान, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से डॉ. श्रीभगवान, लोक निर्माण विभाग कार्यकारी अभियंता (भवन एवं सडक़) हेमन्त आदि रहे।

## हमारे खिलाड़ी दुनिया में कर रहे नाम रोशन : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली गुरुवार को रोहतक में पहलवानों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सफल कार्यक्रम के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली गांव सुन्दपुर स्थित महाकाल कुश्ती अखाड़ा में आयोजित पहलवानों के सम्मान समारोह में पहुंचे। यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट लक्की, एशियन चैंपियनशिप ब्रॉन्ज मेडलिस्ट राहुल और वर्ल्ड पुलिस गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया।



रोहतक। लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### ज्ञापन सौंपा

महम ब्लॉक के चेयरमैन नवनीत राठी के खिलाफ महम ब्लॉक समिति के सदस्य व उनके प्रतिनिधि ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली को महम क्षेत्र में ब्लॉक समिति चैयरमैन द्वारा किये गए विकास कार्यो की जांच के लिए 19 सदस्यों से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया और उनके किये जा रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उनको तुरंत प्रभाव से निलंबित करने की मांग की ताकि उनके द्वारा किए कार्यों की निष्पक्ष जांच हो सके और ब्लॉक समिति के कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोका जा सके।

## राम निवास मिर्धा स्मृति पर भाषण माला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था की ओर से संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्व. राम निवास मिर्धा की जयंती के अवसर पर शनिवार 23 अगस्त को सुबह 11 बजे सूरजमल समारक शिक्षा संस्थान सी-4 जनकपुरी नई दिल्ली में राम निवास मिर्धा स्मृति भाषण माला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता प्रो. केपी सिंह, कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली होंगे। स्व. राम निवास मिर्धा ने किसानों, गांवों, शिक्षा, शासन और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में अत्यंत प्रेरणादायक योगदान दिया। उनका संपूर्ण जीवन समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। संस्था उनके बताए मार्ग पर समाजहित में कार्य करने में लगी हुई है। यह जानकारी सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य अरविन्द पाल दहिया ने दी।

## एआईकेकेएमएस ने शहर में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





रोहतक। प्रदर्शन करते ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अपनी कई मांगों को लेकर वीरवार को शहर में प्रदर्शन किया। मांगों में स्मार्ट मीटर स्कीम पर तत्काल रोक लगाने,बढ़ाए गए बिजली के दाम वापस लेने,बिजली संशोधन बिल 2023 निरस्त करने , बिजली क़ानून 2003 रद्द करने,बकाया ट्यूबवेल कनेक्शन तुरंत जारी करने,बिजली उपभोक्ताओं से फ्यूल सरचार्ज तथा फिक्स चार्ज वसूलना बंद करने तथा बिजली को कारपोरेट घरानों को सौंपने व निजीकरण से दूर रहना शामिल है। प्रदर्शन मानसरोवर पार्क से लघु सचिवालय तक किया। और मांगों का ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल, सचिव जयकरण मांडौठी, उपाध्यक्ष रोहतास सिंह सैनी, हंसराज राणा, विजय कुमार, ईश्वर सिंह राठी, राजकुमार, रामकुमार तथा छज्जूराम रावत ने बताया कि सर्वविदित है कि देश के हर नागरिक को न्यूनतम संभव कीमत पर बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही आजादी के बाद बिजली को एक जन-कल्याणकारी सेवा माना गया था।

## महम में हुआ सर्वकर्मचारी संघ का त्रिवार्षिक सम्मेलन

- ब्लॉक महम की नई कार्यकारिणी का गठन का सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



फोटो 1 महम। नवनियुक्त पदाधिकारी पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए।

वीरवार को सर्व कर्मचारी संघ महम ब्लॉक का त्रिवार्षिक सम्मेलन ब्लॉक प्रधान राजेंद्र डाबला की अध्यक्षता में रेस्ट हाउस महम संपन्न हुआ। जिसका संचालन ब्लॉक सचिव सुनील कुमार अहलावत ने किया। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर राज्य कमेटी सदस्य प्रेम घिलोडिया, जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच, सचिव मनजीत पांचाल, कोषाध्यक्ष जोगेंद्र दलाल,वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार मौजूद रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मवीर सिवाच ने बताया कि भाजपा सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी नीतियों को लागू कर रही है।जिस कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। भाजपा सरकार लगातार सार्वजनिक उपक्रमों को निजी हाथों में सौंप रही है और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। लाखों युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। सरकार रोजगार देने को तैयार नहीं है। पुरानी पेंशन बहाल नहीं कर रही है।
















## खबर संक्षेप

### सीडीओई में दाखिले के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के तहत संचालित ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड पाठ्यक्रमों तथा ऑनलाइन मोड पाठ्यक्रमों में सत्र जुलाई-अगस्त 2025 में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी सीडीओई निदेशक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने दी। प्रो. तनेजा ने बताया कि विद्यार्थी अब 15 सितंबर तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन संबंधित जानकारी विवि वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### कोचिंग प्रोग्राम 2 सितंबर से होगा शुरू

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. का यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटिटिव एग्जामिनेशन (यूसीसीई) अक्टूबर-नवंबर 2025 में आयोजित की जाने वाली आईबीपीएस क्लर्क व एसबीआई क्लर्क की परीक्षा की तैयारी के लिए 2 सितंबर से 30 सितंबर तक कोचिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। यूसीसीई निदेशक प्रो. जेएस हुड्डा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी इस कोचिंग प्रोग्राम में एडमिशन के लिए 1 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फार्म किसी भी कार्य दिवस में स्वराज सदन स्थित यूसीसीई कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। कोचिंग प्रोग्राम 2 सितंबर से ऑफलाइन मोड में प्रारंभ होगा। विस्तृत जानकारी के लिए यूसीसीई कर्मी अशोक कुमार से मोबाइल नंबर 8307920670 पर संपर्क किया जा सकता है।

### युवक को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एएनसी स्टाफ की टीम ने युवक को नशीले पदार्थो सहित काबू किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। एएनसी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान प्रवेश निवासी कासणी जिला झज्जर के रुप में हुई। युवक के पास से 5 किलो 100 ग्राम डोडा चुरा पोस्त के बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना कलानौर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।



# किसी भी फिल्म की सबसे बड़ी ताकत होती है उसकी कहानी: अश्विनी चौधरी

- सुपवा में अश्विनी चौधरी ने फिल्म एवं टीवी विभाग के छात्रों से संवाद किया।
- दक्षिण भारत का सिनेमा इसलिए गहराई से जुड़ता है क्योंकि वह अपनी परंपराओं और संस्कृति को ईमानदारी से करता है प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) में वीरवार को प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, लेखक और निर्माता अश्विनी चौधरी ने फिल्म एवं टीवी विभाग के छात्रों से संवाद किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अमित आर्य के निमंत्रण पर पहुंचे चौधरी ने छात्रों को न केवल अपने अनुभव साझा किए बल्कि हरियाणा के सिनेमा की संभावनाओं पर भी खुलकर चर्चा की। हरियाणा में जन्मे और पले-बढ़े अश्विनी चौधरी ने अपने करियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी और फिल्म लाडो के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किया। धूप, सिसकियां, गुड बॉय बैड बॉय, जोड़ी ब्रेकर्स और सेटर्स जैसी फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन धारावाहिक लाखों में एक और ज़िंदगी खट्टी मीठी ने उन्हें विशेष पहचान दिलाई। वर्तमान में वे गोल्डन रेशियो फिल्म्स प्रा. लि. के अध्यक्ष हैं।

### सरकार ने कई प्रोत्साहन योजनाएं की हैं शुरू

राज्य सरकार ने फिल्म निर्माण के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हरियाणा के फिल्म उद्योग को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने फिल्म निर्माण के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन उनका विवेकपूर्ण उपयोग जरूरी है। प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है मौलिक विचार, अनुशासन और दूरदृष्टि की। तभी हरियाणा से मुख्यधारा का मजबूत सिनेमा उभरेगा उन्होंने जोड़ा। उन्होंने डीएलसी सुपवा के छात्रों को पेशेवर परियोजनाओं में शामिल करने का भी आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म की सबसे बड़ी ताकत उसकी कहानी होती है। कहानियां जब आपकी जड़ों और सहज ज्ञान से निकलती हैं, तभी उनमें आत्मा होती है। दक्षिण भारत का सिनेमा इसलिए गहराई से जुड़ता है क्योंकि वह अपनी परंपराओं और संस्कृति को ईमानदारी से प्रस्तुत करता है।

कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास हमेशा से छात्रों को सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ पेशेवरों से परिचित कराना रहा है। अश्विनी का करियर जमीनी कहानी कहने और दृढ़ता का उदाहरण है। उनकी बातचीत छात्रों को नए दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित करेगी। कुलसचिव डॉ. गुंजन मलिक ने कहा कि यह संवाद छात्रों को सिखाता है कि सिनेमा केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि मेहनत और प्रासंगिक कथाओं के माध्यम से दर्शकों से जुड़ने की कला है।

**आंवल के पास पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ मामला**

# आरोपियों ने स्नैचिंग की 7 वारदातों का किया खुलासा

## पुलिस ने मौके से अवैध हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूट की कई वारदातों में शामिल दो नाबालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोमबीर उर्फ चवनी निवासी लाखनमाजरा और सुमित उर्फ चामरा निवासी सुनारिया खुर्द के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को पैर में गोली लगी है और उन्हें पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने दी।

20 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव गढ़ टेकना शराब ठेका पर चार युवकों द्वारा गन प्वाइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बतया कि सूचना मिलने पर आस-पास एरिया में मौजूद पुलिस टीमों को अलर्ट किया गया। सीसीटीवी में आरोपी आंवल की तरफ भागते हुए कैद हो गए। एवीटी प्रभारी अश्वनी कुमार ने सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये एवीटी स्टाफ की टीम सहित गांव आंवल की तरफ रवाना हुए। गांव आंवल अड्डा पर कॉलेज मोड़ कलानौर की तरफ से बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक आते हुए दिखाई दिए। एवीटी स्टाफ की टीम द्वारा युवकों को रुकने का इशारा किया गया। युवकों ने मोटरसाइकिल काहनौर की तरफ भगा दी। एवीटी स्टाफ की टीम द्वारा युवकों का पीछा किया गया। युवकों ने मोटरसाइकिल को कलानौर बेरी रोड आंवल से निगाना की तरफ मोड़ दी। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से सीधा फायर कर दिया। एवीटी स्टाफ की टीम ने युवकों को सरेंडर करने की चेतावनी देते हुए तीन हवाई फायर किया। दो युवकों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से सीधे दो फॉयर किए। पुलिस टीम ने अपना बचाव किया। पुलिस ने दोनों युवकों पर सेल्फ डिफेंस में पैरो की तरफ एक-एक फॉयर करते हुए युवकों को हथियार सहित काबू किया गया।

युवकों की पहचान सोमबीर उर्फ चवनी निवासी लाखनमाजरा व सुमित उर्फ चामरा निवासी सुनारिया खुर्द के रुप में हुई है। दोनों आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गए। मौके से दो नाबालिग युवकों को भी काबू किया गया। पुलिस द्वारा गोली लगने से घायल हुए दोनों युवकों को उपचार के लिए पीजीआईएमएस रोहतक में दाखिल कराया गया। युवकों के खिलाफ पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाने, अवैध हथियारों का प्रयोग करने, सरकारी कार्य मे बाधा डालने आदि के तहत थाना कलानौर में केस दर्ज किया गया। मौके से अवैध हथियार व मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है।

### ये वारदातें कबूली

- चारों युवको ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर गन प्वाइंट पर मुरादपुर टेकना शराब ठेके पर 15 हजार रुपये की लूट करने की वारदात को अंजाम दिया।
- आरोपियों द्वारा 18 अगस्त को खरैंटी गिरावड़ रोड पर युवक से रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम दिया गया।
- 17 अगस्त को आरोपियों ने भाली आनंदपुर लिंक रोड, कलानौर के पास पिस्तौल के बल पर रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम दिया गया।
- आरोपियों ने 16 अगस्त को आईएमटी एरिया में लूट की वारदात को अंजाम दिया था।
- 15 जुलाई को आरोपियों ने खिड़वाली में घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से गोली मारने की वारदात को अंजाम दिया।
- 5 जुलाई को आरोपियों ने नामदेव चौक के पास रात के समय मोटरसाइकिल छीनने की वारदात को अंजाम दिया।
- 23 जून को आरोपियों ने सुनारिया गांव में घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी।

### आपराधिक रिकार्ड

आरोपी सोमबीर व सुमित का आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी सोमबीर के खिलाफ जिला रोहतक में हत्या का प्रयास, लूट व अन्य धाराओं के तहत 5 मामले दर्ज है। सुमित उर्फ चामरा के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं के तहत 4 मामले दर्ज है। आरोपियों को उपचार के बाद जांच किया जाएगा। दोनों नाबालिग बाल सुधार गृह भेज दिए गए है।



### बार एसोसिएशन प्रधान ने उपायुक्त से मुलाकात की

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने नवनियुक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता से मुलाकात की। उन्होंने उपायुक्त से जिला बार एसोसिएशन के विकास कार्यों और समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आश्वासन दिया कि हमेशा जिला बार एसोसिएशन के कार्यों के लिए हमारा संपूर्ण सहयोग रहेगा। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के महासचिव राजकरण पंघाल , एनरोलमेंट कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र लौरा, अधिवक्ता विपिन डागर, हिम्मत सिंह, वरुण कौशिक एवं कुशल कुंडू मौजूद रहे।

### माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का वार्षिकोत्सव 24 को



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते महामण्डलेश्वर बाबा कर्णपूरी महाराज व माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में घोषणा की गई कि ट्रस्ट का 15वां वार्षिक उत्सव एवं परितोषिक वितरण समारोह रविवार, 24 अगस्त को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। यह समारोह काठमंडी स्थित माता धनपति देवी ट्रस्ट सेठ बिमल प्रसाद जैन मैमोरियल हाल में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। महामण्डलेश्वर बाबा कर्णपूरी महाराज ने कहा कि समारोह का उद्देश्य समाज में शिक्षा और संस्कार के महत्व को बढ़ावा देना है। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पावन सानिध्य महामण्डलेश्वर डा. परमानंद स्वामी महाराज, बाबा कर्णपूरी महाराज के साथ मुख्य अतिथि साहिल अग्रवाल (डायरेक्टर, शिवालय कंस्ट्रक्शन), पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, सुरेन्द्र जैन (डायरेक्टर, सिंगला फोरजिंग) तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाश चंद जैन, विजय मित्तल व मुकेश मंगल शिरकत करेंगे। इस अवसर पर समारोह की पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

## देवीलाल जयंती का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

इनेलो द्वारा 25 सितंबर को स्वर्गीय देवलाल की जयंती रोहतक में मनाई जाएगी। इसको लेकर इनेलो ने पूरी तैयारी शुरू कर दी। ताकि ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाई जा सके। इनेलो नेता गांव-गांव लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। गुरुवार को प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कौशिक हलका अध्यक्ष और किसान सेल के अध्यक्ष ने कंसाला,मोरखेड़ी, कसरेंटी सहित कई गांव में पहुंचकर लोगों को रैली का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि आज जनता बीजेपी से परेशान है। गरीब किसान व्यापारी बीजेपी सरकार से छुटकारा चाहती है। कृष्ण कौशिक ने कहा कि देश में कानून व्यवस्था खत्म हो चुके हैं। आज हर नागरिक भय के साए में जी रहा है।

# कॉलेज में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर दिया सांकेतिक धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन के आह्वान पर देशभर के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक 19 से 21 अगस्त 2025 तक काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज किया। कॉलेज में यह विरोध कार्यक्रम हरियाणा कॉलेज शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज रोहतक में कॉलेज इकाई अध्यक्ष डॉ. पिंकी चौहान तथा महासचिव डॉ. तरुण वत्स ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। संगठन की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना बहाल करना, न्यू एजुकेशन पॉलिसी को निरस्त करना, यूजीसी मसौदा विनियमन 2024 एवं 2025 वापस लेना, एम.फिल. एवं पीएच.डी. प्रोत्साहन वेतन वृद्धि बहाल करना, बिहार के वित्तविहीन कॉलेजों के शिक्षकों को समान वेतनमान देना, अतिथि एवं अंशकालिक शिक्षकों की सेवा शर्तों में सुधार करना, सभी पदों पर नियमित नियुक्ति करना तथा सेवानिवृत्ति आयु देशभर में 65 वर्ष करना शामिल हैं। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र संवाद स्थापित कर समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस मौके पर डॉ सुरेंद्र शर्मा, डॉ मंजू शर्मा, डॉ सीमा शर्मा, डॉ मनीषा खासा, डॉ मनीषा कौशिक आदि मौजूद रहे।

# मनीषा मौत मामले में छात्र व किसान संगठनों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





भिवानी की बेटी मनीषा की हत्या के विरोध में छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) किसान संगठन ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) और सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने बुधवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। संगठनों ने हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप लगाया।

एआईडीएसओ के प्रदेश सचिव उमेश मौर्य ने कहा कि पुलिस की जांच और मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर विरोधाभास हैं, जो हत्या की ओर इशारा करते हैं। बावजूद इसके हरियाणा सरकार और पुलिस प्रशासन इस प्रकरण को आत्महत्या बताकर दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्टों में आए विभिन्न तथ्यों को छिपाया जा रहा है और जांच में मनमानी की जा रही है।

वहीं, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव अनूप सिंह ने कहा कि सीबीआई जांच पर अब भरोसा नहीं किया जा सकता। इसलिए इस हत्याकांड की जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से कराई जाए। उन्होंने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने, छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से


| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**एमडीयू के पब्लिक हेल्थ साइंसेज के छात्रों ने किया भ्रमण**

# 12 प्रकार की जाँचों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के बीएससी पब्लिक हेल्थ साइंसेज द्वितीय वर्ष के छात्रों ने डॉ. आनंद सिंह डांगी (सीनियर कंसल्टेंट), शोधार्थी सोनिया तंवर और लैब अटेंडेंट मेहर सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र, माढ़ोधी जाटान तथा पीजीआईएमएस रोहतक का शैक्षणिक भ्रमण किया।

यह भ्रमण विश्वविद्यालय परिवहन सुविधा के माध्यम से आयोजित हुआ।यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के निदेशक प्रो मुनीष गर्ग ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद तथा बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव कराना था। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी सुबह 11:12 बजे जब छात्र स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र पहुँचे तो एमपीएचडब्ल्यू अशोक कुमार और सुनीता देवी ने उनका स्वागत किया। यहां छात्रों ने मरीजों के रजिस्टर, रोग निदान, उपचार विवरण और दवाओं के भंडारण एवं वितरण की प्रक्रिया देखी। केंद्र में उपलब्ध 12 प्रकार की जाँचों, 90 रोगों के उपचार और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई। अशोक कुमार ने केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया, वहीं सुनीता देवी ने छात्रों को मातृ-शिशु स्वास्थ्य, एएनसी, रिकॉर्ड प्रबंधन, एनसीडी (गैर-संचारी रोग) और रोहतक के नजदीकी सीएचसी व पीएचसी की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को इस पाठ्यक्रम के महत्व को समझाते हुए इसे गंभीरता से लेने की सलाह दी।भ्रमण के दौरान छात्रों ने एचबी टेस्ट, क्षय रोग प्रबंधन थेरेपी और गर्भवती महिलाओं के हाई-रिस्क केस रिपोर्ट्स का अवलोकन किया। छात्रों ने केंद्र पर मौजूद मरीजों से फीडबैक लेकर एक सर्वे भी किया।





### जवाहर नवोदय विद्यालय घुसकानी के छात्रों ने दिल्ली में कई स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** उपायुक्त एवं गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के खगोल विज्ञान क्लब एवं माइग्रेशन कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने हाल ही में दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण किया है। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देश की राजधानी के प्रमुख शैक्षणिक और ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कर ज्ञान अर्जित किया।उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम नई दिल्ली स्थित नेहरू तारामंडल का भ्रमण किया, जहाँ पर उन्होंने ब्रह्मांड पर आधारित 3-डी शो का आनंद लिया। इस दौरान छात्रों को भारत की एनालॉग एस्ट्रोनॉट जान्हवी डांगेटी से मिलने का अवसर भी प्राप्त हुआ, जिससे छात्रों में अत्यधिक उत्साह देखा गया। जान्हवी डांगेटी से बातचीत कर छात्रों को अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नई दिशा और प्रेरणा मिली। सचिन गुप्ता ने बताया कि इसके बाद छात्रों ने तीन मूर्ति भवन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जीवन एवं कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। वहाँ की उपलब्धियों की प्रदर्शनी छात्रों को अत्यंत प्रेरणादायक लगी। भ्रमण के अंतर्गत छात्रों ने इंडिया गेट और नेशनल वॉर मेमोरियल का भी दौरा किया। यहाँ उन्होंने भारतीय सैनिकों के अनुशासन, बलिदान और समर्पण के बारे में जाना।